16 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 3/16/2025 10:12 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 17 मार्च 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


2 मंत्री निवास रतनपुर में सतरंगी होली मिलन



## खबर संक्षेप

### पत्नी को घर नहीं जाने देने पर मारपीट, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** पत्नी को अपने पास रखने का आरोप लगाकर ग्रामीण ने युवक के साथ मारपीट की। आरोपी ने युवक के सिर पर डंडे से वार आकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में कमलेश्वरपुर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार ग्राम असगंवा निवासी बिक साय मझवार आ. कुवंर मझवार 14 मार्च को अपने घर पर था जबकि उसका पिता गांव में एक अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में गया हुआ था। इसी दौरान अनिल गुप्ता युवक के पास पहुंच गया और उसकी पत्नी को जबरन घर में रखने और वापस नहीं जाने देने का आरोप लगाते हुए गाली गलौज करने लगा। इसके साथ ही जान से मरने की धमकी देकर बिक साय मझवार सिर पर डंडे से वार कर दिया जिससे युवक बेहोश हो गया। युवक को परिजन द्वारा उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।



**रमजान मुबारक**

**सत्रहवां रोजा**

आज का इफ्तार - 6.11 बजे

कल की सेहरी - 4.39 बजे

### भूमि आबंटन की प्रक्रिया के साथ ही राशि स्वीकृति को लेकर बढ़ी उम्मीदें

# सरकार बदली तो फिर से जगी टीपी नगर की उम्मीद, भाजपा ने किया था स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम में भाजपा की सरकार आने के बाद एक बार फिर से टीपी नगर के आबाद होने की संभावनाएं बढ़ गई है। टीपी नगर स्थापित करने के लिए सबसे पहले जमीन अलॉटमेंट कराना आसान हो गया है जबकि शासन से भी अब ट्रांसपोर्ट नगर बसाने के लिए बजट में राशि मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। ननि सरकार के साथ ही विधायक ने भी इस दिशा में पहल किए जाने और प्रशासन से संपर्क कर भूमि आबंटन की प्रक्रिया शुरू कराने की बात कही है ऐसे में अब देखना यह है कि कब तक इस प्रक्रिया को फिर से शुरू किया जा सकता है।

**खास बात**

- वर्ष 2007 में किया गया था स्थापित, नहीं मिली राशि

बता दें कि शहर की सड़कों के किनारे बेतरतीब ढंग से संचालित गैरेज, गोदाम व ट्रांसपोर्ट गैरेज को व्यवस्थित रूप से एक ही परिसर में संचालित करने के उद्देश्य से टीपी नगर को बसाने की योजना शुरू की गई थी। वर्ष 2007 में जब टीपी नगर को स्थापित किया गया तो उस समय वर्तमान विधायक प्रबोध मिंज के नेतृत्व में भाजपा की सरकार थी। निगम सरकार द्वारा शासन से मिली करोड़ो रुपए की राशि से टीपी नगर बसाने के लिए सड़कों का निर्मानज्ञ विद्युतीकरण करने के साथ ही छोटी छोटी गुमटियां भी बनाई गई लेकिन बिना किसी बेहतर प्लानिंग के ही गुमटियां बना ली गई और छोटी छोटी गुमटियां अनुपयोगी साबित हुई और आज भी टीपी नगर वीरान पड़ा हुआ है। टीपी नगर में अब शराबी व नशेड़ियों का कब्जा है जबकि जरूरतमंद आज भी इसके आबाद होने के इन्तजार में है। टीपी नगर स्थापित नहीं होने के कारण ही शहर के रिंग रोड किनारे अव्यवस्थित रूप से गैरेज संचालित हो रहे है और इन गैरेज के बाहर रिंग रोड पर भारी वाहनों को खड़ा कर मरम्मत का कार्य किया जाता है। इसके साथ ही गैरेज के आस पास ही रिंग रोड पर ट्रक बसों का कब्जा होता है और यही वजह है कि रिंग रोड कब्जे से मुक्त नहीं हो पा रहा है और आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। दुर्घटनाएं होने पर जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा रिंग रोड पर खड़े वाहनों पर कार्रवाई तो कर दी जाती है लेकिन प्रशासन की ओर से स्थाई समाधान के रूप में टीपी नगर को बसाने की दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है।



वीरान टीपी नगर।

#### इस मुद्दे पर फंसा

टीपी नगर के तीन एकड़ की जमीन के अतिरिक्त निगम के पास वहां 28 एकड़ और जमीन है लेकिन उक्त जमीन पर कोई निर्माण कार्य नहीं है। जिस तीन एकड़ की भूमि को लेकर विवाद है वह सीजीएमएसी को अलॉट हुआ था और जिस स्थान पर सीजीएमएससी का गोदम है वह जमीन ननि को मिली थी लेकिन सीजीएमएससी ने पूर्व में ननि की जमीन पर निर्माण शुरू करा दिया गया था जिसके बाद समझौता के तहत निगम ने सीजीएमएससी को अलॉट जमीन पर निर्माण कराया था लेकिन जमीन का अंतिम अलॉटमेंट नहीं हो पाया था। बाद में नगर निगम ने जब टीपी नगर में दुकानों को शिफ्ट करने की पहल की तो प्रशासन ने इसपर रोक लगा दी। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि भूमि का आबंटन निगम को नहीं हुआ है। भूमि आबंटन के लिए निगम को 57 लाख रुपए का भू भाटक जमा करने को कहा गया है। नगर निगम की पिछली सरकार जिसे प्रदेश में अपनी सत्ता होने के बाद भी 5 सालों तक वेतन भुगतान के लाले पड़े रहे उसके पास 57 लाख रुपए का भू-भाटक जमा करने के लिए राशि कहां से उपलब्ध होती।

#### अब निगम और प्रदेश में भाजपा की सरकार

अब नगर निगम और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। यह प्रोजेक्ट भी भाजपा द्वारा ही शुरू किया हुआ है। पिछले पांच वर्षों तक कांग्रेस की सरकार को जिला प्रशासन के अधिकारी घुमाते रहे और भू-भाटक का अड़ंगा लगाकर, आबंटन नहीं होने का हवाला देकर टीपी नगर को बसाने पर रोक लगा दिया। टीपी नगर भेजे गए गैरेज संचालकों को प्रशासन द्वारा भगा दिया गया था। अब नगर निगम और प्रदेश में भाजपा की सरकार है, भाजपा ने आने घोषणापत्र में भी इसे शामिल किया था ऐसे में अब ना सिर्फ टीपी नगर को बसाने के लिए नए सिरे से प्रस्ताव बनाने की जरूरत है जबकि निगम व प्रदेश सरकार चाहे तो एक दिन में कलेक्टर द्वारा नगर निगम को टीपी नगर की जमीन अलॉट कर सकता है। इसके साथ ही सरकार नए सिरे से टीपी नगर को बसाने के लिए कार्य योजना बना सकती है।

#### की जाएगी पहल

टीपी नगर को बसाने के लिए हमारी सरकार द्वारा पहल की जाएगी। कांग्रेस की सरकार ने इस प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। जल्द ही बैठक में टीपी नगर के विषय पर चर्चा पर प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

-मंजूषा भगत, महापौर

#### आसानी से हो सकता है अलॉटमेंट

टीपी नगर के लिए जमीन अलॉटमेंट का जो मामला फंसा हुआ है वह आसानी से हल हो सकता है। बिना किसी समस्या के प्रशासन निगम और सीजीएमएससी को आबंटित भूमि के खसरा में सुधार कर सकता है जिसके बाद निगम को उक्त भूमि स्वीकृत हो जाएगी। पिछली सरकार में सिर्फ पत्राचार ही किया गया सभी दिशा में पहल नहीं की गई। भूमि अलॉटमेंट के साथ ही टीपी नगर को बसाने के लिए हमारे ओर से आवश्यक पहल की जाएगी।

-प्रबोध मिंज
विधायक लुंड्रा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# बैल बांधने को लेकर विवाद, युवक ने दादा को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होली की रात लुंड्रा के ग्राम नागम में बैल बांधने को लेकर हुए विवाद में युवक ने अपने ही दादा की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी युवक ने अपने दादा के चेहरे, सिर पर ईंट से लगातार कई वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना में ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया इसके साथ ही तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

- होली की रात हुई घटना, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम नागम के कदमपारा में बुजुर्ग लटीराम अपने पोता 33 वर्षीय दिनेश नगेसिया आ. स्व. रामकुमार नगेशिया के साथ रहता था। 14 मार्च को होली के दिन लटीराम के घर से रात लगभग 9 बजे चीखने चिल्लाने और झगडे की आवाज आ रही थी। आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाला हुमेश्वर आ. तेजन राम नगेशिया मौके पर पहुंचा तो देखा कि बुजुर्ग लटीराम जमीन पर मृत पड़ा हुआ। मृतक के दोनों कनपटी, चेहरा, पीठ, बदन पर चोट के गंभीर निशान है। ऐसे में जब उसने मृतक के पोता दिनेश से घटना के संबंध में पूछताछ की तो आरोपी ने बताया कि जब वह बाहर से घूमकर लौआ तो दादा लटीराम ने बैल को नहीं बांधने को लेकर फटकार लगाई। इस दौरान दिनेश ने बताया कि बैल को बांध दिय है और वो हल्ला ना मचाए खाना खाकर सो जाए। जब पोता दिनेश ने दादा को हल्ला नहीं मचाने और खाना खाकर सोने को कहा तो आक्रोश में आकर लटीराम ने पोता दिनेश को मार दिया। इसी बात से आक्रोशित होकर दिनेश ने भी लटीराम की पास रखे ईंट से बेदम पिटाई कर दी।

मार पीट के दौरान लटीराम के चेहरा, दोनों कनपटी, सिर, पीठ बदन में गंभीर चोट के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आपसी विवाद में हुए हत्या की जानकारी पड़ोसी ग्रामीण हुमेश्वर ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए भेजने के साथ ही मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने बयानों व पीएम रिपोर्ट के आधार पर आरोपी युवक 33 वर्षीय दिनेश नगेसिया आ. स्व. राम कुमार नगेशिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने विवाद के दौरान दादा की हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त ईंट को बरामद करने के साथ ही बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लुन्ड्रा मनोज प्रजापति, सउनि शिवचरण साहू, आरक्षक संजय संजय केरकेट्टा, राजेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र खलखो, शिव प्रसाद खलखो, निरंजन बड़ा शामिल रहे।

# बाहर चल रही थी पार्टी, चोरों ने नकदी समेत जेवर किया पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अन्नप्राशन कार्यक्रम के दौरान एक तरफ बाहर पार्टी चल रही थी और दूसरी ओर घर में घुसकर अज्ञात लोगों ने नगदी समेत जेवरों की चोरी को अंजाम दे दिया। चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

- दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, एक अन्य की तलाश जारी

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पटेलपारा निवासी विश्वनंद जायसवाल के घर 10 मार्च को अन्नप्राशन का कार्यक्रम था। अन्नप्रासन के कार्यक्रम में आस पड़ोस के लोग और रिश्तेदार आए हुए थे। पार्टी घर के बाहर पंडाल में चल रही थी और लोग खाना पीना कर रहे थे। इस दौरान जब विश्वनंद जायसवाल व परिवार के सदस्य घर के ऊपर कमरे में पहुंचे तो उनके आलमारी का ताला खुला हुआ था और आलमारी में रखा कान का झूमका, चांदी का चम्मच, कटोरी, 15 सोने का छुछिया, नगदी 38 हजार रुपए, जगदम्बा आभूषण का बिल एवं विवो कंपनी का मोबाइल समेत 70 हजार रुपए का सामान चोरी हो गया था। जब प्रार्थी ने घर के सीसीटीवी कैमरे की जांच की पता चला की दो संदिग्ध युवक घर में घुसकर ऊपर के कमरे में जाते हुए और हाथ में थैला लेकर जाते हुए नजर आए। विश्वनंद जायसवाल ने घटना की शिकायत 11 मार्च को पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की धारा 331(4), 305 (ए), 3(5) के तहत ⏭ शेष पेज 4 पर







Address: Sargawan, Near Pratappur Road, Ambikapur, Chhattisgarh - 497 001

+91 75619 99100 | +91 90981 80066 | +91 93084 98444

16-Ambikapur-Bhoomi pg 2_Layout 1 3/16/2025 9:15 PM Page 1



**खबर संक्षेप**

## रेडक्रास सोसायटी में 4 अप्रैल को चुनाव

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) की साधारण सभा की बैठक 4 अप्रैल को दोपहर 2 बजे जनपद पंचायत के अमृत सदन सभाकक्ष, मनेन्द्रगढ़ में आयोजित होगी। इस बैठक में जिला प्रबंध समिति के गठन के साथ-साथ चेयरमेन, वाइस चेयरमेन, कोषाध्यक्ष एवं राज्य प्रबंध समिति के प्रतिनिधि का चुनाव किया जाएगा। रेडक्रास सोसायटी राज्य शाखा छग रायपुर के निर्देशानुसार यह चुनाव तीन वर्ष (2025-2028) के लिए किया जाएगा। जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के अनुमोदन के बाद इस प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया है। चुनाव प्रक्रिया के तहत सबसे पहले प्रबंध समिति के लिए मतदान होगा। जिसमें कम से कम 10 सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा। इसके बाद नव-निर्वाचित समिति की प्रथम बैठक में पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। मतदान के लिए केवल आजीवन सदस्य, संरक्षक एवं उपसंरक्षक ही पात्र होंगे। केवल वे सदस्य मतदान कर सकेंगे, जिन्होंने 3 अप्रैल 2025 शाम 5 बजे तक भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा एमसीबी की आजीवन सदस्यता ली हो।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**जांजगीर-चांपा।** चरित्र संदेह के चलते अपनी पत्नी और तीन बेटियों की हत्या करने वाले आरोपी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने चार बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 1-1 हजार रुपये के अर्थदण्ड दंडित किया है। इस संबंध में अभियोजन पक्ष से मिली नकारी के मुताबिक, ग्राम देवरी में देशराज कश्यप अपनी पत्नी मोंगरा बाई उम्र 40 वर्ष और 3 बेटियां पूजा 16 वर्ष, भाग्य लक्ष्मी 10 वर्ष और याचना 6 वर्ष के साथ रहता था। 31 जुलाई 2023 की रात खाना खाने के बाद मां और तीनों बेटियां कमरे में सोने के लिए चली गईं। रात में ही आरोपी देशराज उठा और फावड़ा से सो रही पत्नी और तीनों बेटियों को मार डाला। 1 अगस्त और 2 अगस्त को दिनभर लोगों ने परिवार के किसी भी सदस्य को नहीं देखा, तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। पड़ोसियों ने सरपंच को मामले की जानकारी दी। सरपंच भी देशराज के घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का दरवाजा खुलवाया तो अंदर का नजारा देखकर स्तब्ध रह गई। घर में मोंगरा बाई और उसकी तीनों बेटियों की लाश लहूलुहान हालत में पड़ी थी। पूरे कमरे और घर में खून ही खून फैला हुआ था। हत्याकांड के बाद देशराज फारार हो गया था, जिसे पुलिस ने 2 अगस्त 2023 को बलौदा बस स्टैंड से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर में जेल दाखिल कर दिया। इसके बाद जांच प्रतिवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां संपूर्ण साक्ष्य एवं गवाहों के बयान उपरांत दोष सिद्ध पाए जाने जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने आरोपी देशराज कश्यप को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दंडित किया। वहीं अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं करने पर अलग से सजा भुगताए जाने के आदेश दिए। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर ने पैरवी की।

### आयोजन में भाजपा जिलाध्यक्ष चंपादेवी, भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका, खड़गवां-चिरमिरी भाजपा मंडल पदाधिकारी, वार्ड पार्षद सहित ग्रामीण शामिल हुए

# मंत्री निवास रतनपुर में सतरंगी होली मिलन



झूमते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।



गले मिलकर बधाई देते स्वास्थ्य मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

होली के दूसरे दिन शनिवार 15 मार्च को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के गृहग्राम रतनपुर में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, खड़गवां-चिरमिरी भाजपा मंडल पदाधिकारी, वार्ड पार्षद, नगर निकायों के जनप्रतिनिधि सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। दोपहर 3 बजे से शुरू हुए इस समारोह में सतरंगी गुलाल उड़ाए गए और एक-दूसरे को गले मिलकर होली की बधाइयां दी गइं। स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक फाग गीत प्रस्तुत किए, जिससे माहौल और भी रंगीन हो गया। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने सभी को गुलाल लगाकर भाईचारे और सद्भाव के इस पर्व की शुभकामनाएं दीं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि एकता, भाईचारे और प्रेम का संदशे देती है। यह दिन राजनीति से ऊपर उठकर एक-दूसरे की गलतियों को भूलने और सद्भाव बढ़ाने का अवसर होता है। उन्होंने पूरे प्रदेश, जिला और क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और समाज में सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, विधायक श्रीमती रेणुका सिंह और एनआरआई चंद्रकांत पटेल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने होली के सामाजिक महत्व पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म के प्रत्येक त्योहार का उद्देश्य समाज को एकता और प्रेम के सूत्र में बांधना है। ज्ञात हो कि होली उत्सव एक सप्ताह तक चलता है। इस क्रम में मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी में भी होली मिलन समारोह आयोजित किए गए। जहां स्वास्थ्य मंत्री शामिल हुए और जनता से मिलकर होली की बधाइयां दीं।

## ग्रामीण इलाकों में पहुंचकर गांव वालों से खेली होली



**मनेन्द्रगढ़।** होली के मौके पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पहुंचे और गांव वालों के साथ स्वास्थ्य मंत्री ने होली खेली। होली पर्व पर गांव के बुजुर्गों का भी स्वास्थ्य मंत्री ने आशीर्वाद लिया। स्वास्थ्य मंत्री बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचे, जब गांव के लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री को देखा तो वो बहुत खुश हुए। गांव के लोगों ने इस बार मंत्री के साथ होली खेली। स्वास्थ्य मंत्री ने इस मौके पर गांव वालों से कई मुद्दों पर चर्चा भी की। उन्होंने ने कहा कि विकास के काम में कोई रुकावट नहीं आने देंगे। स्थानीय स्तर पर जो भी काम होगा, वो पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ एक विधानसभा क्षेत्र भर नहीं है, ये उनका अपना गांव जैसा है, बचपन की यादें उनकी यहां से जुड़ी रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के सुधार के लिए गंभीरता से काम कर रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को और बेहतर बनाने का काम किया जाएगा। गांव के लोगों को इलाज के लिए दूर न जाना पड़े, इसका ख्याल रखा जाएगा। ग्रामीणों ने मंत्री के सामने चिकित्सा सुविधाओं की कमी, अस्पतालों में डॉक्टरों की अनुपस्थिति और दवाओं की कमी की समस्याओं को उठाया। इस पर मंत्री ने अधिकारियों से इस संबंध में जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## संघ के स्वयंसेवकों ने जमकर मनाई होली



**बैकुण्ठपुर।** राष्टीय स्वयंसेवक संघ के खुटहनपारा स्थित विभाग कार्यालय केशव कुंज में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें हर्षोल्लास के साथ स्वयंसेवकों ने होली खेली। इस मौके पर संघ कार्यकर्ताओं ने फूलों के साथ अबीर और गुलाल से होली खेली।

कार्यक्रम में भगवा ध्वज के नीचे सभी ने देशभक्ति का संकल्प लिया। ढोलक, मंजीरो, चिमटों की थाप पर फाग गीतों आज ब्रज में होली रे रसिया, होली खेले रघुबीरा, रंग बरसे भीगे आदि गीतों पर स्वयंसेवक देर तक झूमते, थिरकते रहे। इस अवसर पर विभाग प्रचारक नागेश योगी ने कहा कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट भावना के संकल्प का पर्व है, हमें इस उत्सव के माध्यम से समाज में सौहार्द और एकता को मजबूत करना चाहिए। जिला सहसंघ चालक नरेश सोनी ने कहा कि राष्टीय स्वयंसेवक संघ समाज को जोड़ने और राष्ट निर्माण के कार्य में सतत सक्रिय है, यह होली मिलन समारोह हमें सामाजिक दायित्वों की याद दिलाती है और परस्पर प्रेम को प्रगाढ़ करती है। नगर संघ चालक अजय जायसवाल ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है। इस त्योहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए। जिला कार्यवाह कमलेश गुप्ता ने कहा कि यह त्योहार एकता का संदेश देता है। हम सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर मनाना चाहिए। रंगों का त्यौहार है होली मिलजुल कर मनाएं।

## एकता और भाईचारे का प्रतीक है होली का पर्व



**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय के प्रेमाबाग स्थित प्रेस भवन में 15 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जिलेभर के पत्रकारों ने एकजुट होकर ऑर्गेनिक रंगों के साथ उत्साहपूर्वक होली का आनंद लिया। इस आयोजन में जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया के पत्रकारों ने आपसी सद्भाव और भाईचारे के संदेश के साथ एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। समारोह की शुरूआत रंगों से की गई, जिसमें सभी उपस्थित पत्रकारों ने परस्पर मिलकर होली की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह ने कहा होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह एकता और भाईचारे का प्रतीक है। आज हमने मिलकर इस पर्व को मनाया, जो हमारी पत्रकारिता की एकजुटता को दशार्ता है। इस आयोजन में महासचिव योगेश चंद्रा, उपाध्यक्ष राजेश राज गुप्ता, अमित सोनी, नीरज गुप्ता, अमित पांडे, प्रभात दास, अंकित अग्रवाल, राजू शर्मा, भास्कर मिश्रा, शिवा मिश्रा सहित अन्य पत्रकारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दीं और पर्व को यादगार बनाया।

## आपसी प्रेम और सद्भाव बनाए रखने की मिलती है प्रेरणा



**बैकुण्ठपुर।** पुलिस विभाग द्वारा 15 फरवरी को शहर के पुलिस लाइन बैकुंठपुर में सुबह 10 बजे से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस कप्तान रवि कुमार कुर्रे ने शिरकत की और उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह की शुरूआत पुलिस कप्तान रवि कुर्रे द्वारा गुलाल लगाने से हुई, इसके बाद सभी पुलिसकर्मियों, अधिकारियों और आमंत्रित अतिथियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। वहीं कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी भी इस आयोजन में शामिल हुईं और पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को होली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली का पर्व हमें आपसी प्रेम और सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

## प्रेस क्लब के साथियों के साथ झूमे पुलिस अधीक्षक



समारोह में जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया के सदस्यों ने भी भाग लिया और पुलिस अधिकारियों के साथ गुलाल खेलते हुए होली के गीतों पर झूमे। एसपी रवि कुर्रे ने भी पत्रकारों के साथ नाच-गाने में भाग लिया और पुलिस व मीडिया के बीच बेहतर समन्वय और सौहार्द बनाए रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह आयोजन पुलिस विभाग के भीतर आपसी सामंजस्य और सौहार्द को मजबूत करने का माध्यम है। इस अवसर पर एएसपी पकंज पटेल, श्याम मधुकर सहित कई पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

## कोयलांचल क्षेत्र में होली की रही धूम



**चरचा कॉलरी।** चरचा कॉलरी में होली त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। होली के अवसर पर चरचा कॉलरी के निवासियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर और गुलाल फेंककर होली की शुभकामनाएं दी। चरचा कॉलरी में होली त्योहार के दौरान विवेकानंद चौक के समीप साईं पार्क में नेता प्रतिपक्ष श्रीमती लालमुनि यादव ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जहां, स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चरचा के जामा मस्जिद में मुस्लिम समुदाय ने नमाज अदा की और हिन्दू समुदाय को होली की शुभकामनाएं दी। दोनों समुदायों के बीच एकता और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह एक अच्छा उदाहरण साबित हुआ। इस प्रकार दोनों समुदायों ने त्योहारों के माध्यम से एकता और सौहार्द का संदेश दिया और समाज में शांति और सौहार्द को बढ़ावा दिया। पुलिस प्रशासन ने त्योहारों के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए।

## दो बालिकाओं का दीक्षा पूर्व अभिनंदन समारोह



अभिनंदन समारोह में उपस्थित बालिकाएं।

**मनेन्द्रगढ़।** शहर में दो बालिकाओं सुश्री अंशिका सुराणा और सुश्री स्नेहा सुराणा का दीक्षा पूर्व अभिनंदन समारोह ओसवाल भवन में धूमधाम से आयोजित किया गया। इस समारोह में समाज के कई प्रतिष्ठित व्यक्ति और परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। समारोह के दौरान इन दोनों बालिकाओं के दीक्षा संस्कार की तैयारी और उनके द्वारा समाज में किए गए योगदान की सराहना की गई। यह एक धार्मिक और सांस्कृतिक अवसर था, जिसमें दोनों बालिकाओं को दीक्षा से पूर्व आशीर्वाद प्राप्त हुआ। समारोह के आयोजकों ने बताया कि दीक्षा समारोह 20 अप्रैल को राजस्थान के बीकानेर में आयोजित किया जाएगा। इस दीक्षा समारोह में अन्य समाज के सदस्य भी भाग लेंगे और यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक घटना होगी। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने इन बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की और उनके दीक्षा जीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं दी।

## पत्नी व 3 पुत्रियों की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास



**जांजगीर-चांपा।** चरित्र संदेह के चलते अपनी पत्नी और तीन बेटियों की हत्या करने वाले आरोपी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने चार बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 1-1 हजार रुपये के अर्थदण्ड दंडित किया है। मामला पंतोरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरी की है।

इस संबंध में अभियोजन पक्ष से मिली नकारी के मुताबिक, ग्राम देवरी में देशराज कश्यप अपनी पत्नी मोंगरा बाई उम्र 40 वर्ष और 3 बेटियां पूजा 16 वर्ष, भाग्य लक्ष्मी 10 वर्ष और याचना 6 वर्ष के साथ रहता था। 31 जुलाई 2023 की रात खाना खाने के बाद मां और तीनों बेटियां कमरे में सोने के लिए चली गईं। रात में ही आरोपी देशराज उठा और फावड़ा से सो रही पत्नी और तीनों बेटियों को मार डाला। 1 अगस्त और 2 अगस्त को दिनभर लोगों ने परिवार के किसी भी सदस्य को नहीं देखा, तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। पड़ोसियों ने सरपंच को मामले की जानकारी दी। सरपंच भी देशराज के घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का दरवाजा खुलवाया तो अंदर का नजारा देखकर स्तब्ध रह गई। घर में मोंगरा बाई और उसकी तीनों बेटियों की लाश लहूलुहान हालत में पड़ी थी। पूरे कमरे और घर में खून ही खून फैला हुआ था। हत्याकांड के बाद देशराज फारार हो गया था।

## रजवार समाज के वरिष्ठजन ने दिया एकता का संदेश



**बैकुण्ठपुर।** रजवार समाज जिला समिति के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर भाईचारे और एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला समिति कोरिया के संरक्षक लक्ष्मण राजवाड़े, जिलाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, निरीक्षक रामकुमार राजवाड़े, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार राजवाड़े, कृपाल राम राजवाड़े, राजेश नारायण राजवाड़े, हरिप्रसाद राजवाड़े, क्षेत्रीय अध्यक्ष रामप्रसाद राजवाड़े, ईश्वर राजवाड़े आदि उपस्थित थे।

## भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र भी हुए शामिल



**बैकुण्ठपुर।** चरचा माईन आरओ के अंतर्गत कार्यरत 20 श्रमवीर साथियों के द्वारा महेश यादव, अध्यक्ष एटक श्रम संघ एवं अतुल कुमार गुप्ता महासचिव के कुशल नेतृत्व को स्वीकार करते हुए दूसरे श्रमसंघ का त्याग करते हुए एटक श्रमसंघ की अध्यक्षता ग्रहण की। कार्यक्रम में अतुल कुमार गुप्ता ने श्रमवीर साथियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में रियाजउद्दीन, पंकज मिश्रा, कामेश्वर प्रधान, अतुल विश्वकर्मा, एसके मैती, रोशन नामदेव, मोहन सिंह, एचपी ध्रुव, रविशंकर राजवाडे आदि मौजूद थे।

### गर्ल्स कॉलेज में आयोजन, छात्राओं को किया गया सम्मानित

# वार्षिकोत्सव : शिक्षा ही महिलाओं को सशक्त बनाती है



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते छात्राएं।



सम्मानित करते जिला पंचायत अध्यक्ष।

**बैकुंठापुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर में वार्षिकोत्सव 2024-25 उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कोरिया मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, आईक्यूएसी सदस्य गिरीश चंद्र राजपूत एवं केजेड उस्मानी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष मोहित पैकरा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्राओं को अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि महिला शिक्षा में आने वाली हर बाधा को दूर करने के लिए प्रशासन तत्पर रहेगा। वहीं विशिष्ट अतिथि श्रीमती वंदना राजवाड़े ने छात्राओं की अनुशासनप्रियता की सराहना की। वार्षिकोत्सव में वर्षभर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को 150 मेडल, 150 मोमेंटो और 450 प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनः कुमारी लल्ली राजवाड़े, कुमारी चंदा राजवाड़े, कुमारी सुहानो राजवाड़े, खेल-कूद में उत्कृष्टता कुमारी यशोदा राजवाड़े, राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उपलब्धि कु. रोशनी, कु. पूजा, कु. खुशबू ने प्राप्त किया। छात्राओं ने राजस्थानी, पंजाबी, कश्मीरी, नगपुरी और छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन रितेश गुप्ता, कुमारी गंगीता पैकरा, रिचा चेलकर, दीप्ति केरकेट्टा और प्रियंका राय ने किया। अंत में सहायक प्राध्यापक डॉ. सुमित कुमार डे ने सभी अतिथियों, छात्राओं और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

## श्रमवीरों ने एटक श्रम एसकेएमएस संघ का थामा हाथ



**बैकुण्ठपुर।** चरचा माईन आरओ के अंतर्गत कार्यरत 20 श्रमवीर साथियों के द्वारा महेश यादव, अध्यक्ष एटक श्रम संघ एवं अतुल कुमार गुप्ता महासचिव के कुशल नेतृत्व को स्वीकार करते हुए दूसरे श्रमसंघ का त्याग करते हुए एटक श्रमसंघ की अध्यक्षता ग्रहण की। कार्यक्रम में अतुल कुमार गुप्ता ने श्रमवीर साथियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में रियाजउद्दीन, पंकज मिश्रा, कामेश्वर प्रधान, अतुल विश्वकर्मा, एसके मैती, रोशन नामदेव, मोहन सिंह, एचपी ध्रुव, रविशंकर राजवाडे आदि मौजूद थे।

## होली के दिन युवती से दुष्कर्म के बाद हत्या

**बैकुंठपुर।** एमसीबी जिले के चिरमिरी थानांतर्गत होली के दिन एक युवती के मौत मामले पर परिजन ने दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने का सनसनीखेज आरोप लगाया है, इसकी लिखित शिकायत चिरमिरी थाने में 16 मार्च को दर्ज कराई है। न्यू माईनस गोदरीपारा निवासी मृतिका के पिता ने बताया कि पुत्री के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या कर आमानाला गोदरीपारा स्थित सामुदायिक भवन के शौचालय में शव को लटका दिया गया, ताकि घटना फांसी लगाने का प्रतीत हो। घटना में पीड़ति के पिता ने महेश और कृष्णा नामक युवकों पर दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया है। मामले में संबंधित आरोपियों को कड़ी सजा मिले, इसकी मांग मृतिका के पिता ने पुलिस अफसरो से की है।

16 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 3/16/2025 10:18 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### होली गीतों पर ग्रामीणों के साथ जमकर थिरके विधायक

**उदयपुर।** भाजपा मंडल उदयपुर में विधायक राजेश अग्रवाल ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए तथा एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की खुशियां मनाई। विधायक राजेश अग्रवाल ने लोगों को प्रेम-सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। विधायक श्री अग्रवाल ने तीसरे दिन रेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह आयोजित किया। उन्होंने नीचे बैठकर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने विधायक सहित अन्य लोगों को गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाईयां दी। उत्सव को बेहतरीन बनाने के लिए सुगा, करमा, शैला नर्तकों ने अपने साथ विधायक राजेश अग्रवाल को भी खूब नचाया। बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ता भी जमकर झूमे। क्षेत्र के विधायक द्वारा पहली बार आयोजित होली मिलन समारोह में लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की तथा सवेरे 11 बजे से देर शाम तक लोग पहुंचते रहे और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाइयां देते रहे। स्थानीय कलाकारों ने भी होली के छत्तीसगढ़ी गीतों पर लोगों को खूब नचाया। समारोह में भाजपा कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल हुए। रेस्ट हाउस में आयोजित होली मिलन समारोह में सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष के नेता भी शामिल हुए तथा हर्षोल्लास से होली का त्यौहार मनाया। इस दौरान विधायक श्री अग्रवाल ने कहा उदयपुर सहित अम्बिकापुर विधानसभा के ग्रामीणों के बीच होली का उत्सव मनाने का अवसर आनंददायक रहा। उन्होंने प्रेम भाव से सभी से मुलाकात किया तथा आगामी दिनों में विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्रामीण तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाकर विकास कार्य कराना है।

### तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई एक की मौत, तीन घायल

**अंबिकापुर।** होली मनाने के लिए दोस्तों के साथ निकले युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना के दौरान बाइक पर चार लोग सवार थे। इस घटना में बाइक चालक की मौत हो गई जबकि तीन अन्य युवकों का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज करने के साथ ही शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि मैनपाट के कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम सरभंजा निवासी राम कुमार घीचा आ. गोविन्द घीचा अपने मित्रों अन्नू प्रकाश, शशि राम, मानकुंवर के साथ होली खेलने के लिए 14 मार्च को बाइक क्रमांक सीजी 15 सीडी 4959 से लुरैना की तरफ जा रहा था। बाइक को राम कुमार घीचा ही चला रहा था। इस दौरान जैसे ही युवकों की बाइक लुरेना तिराहा के पास पहुंची कि चालक ने बाइक से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार बाइक मोड़ पर सरई पेड़ से जा टकराई। इस घटना में राम कुमार के चेहरे, मुंह, नाक व सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि युवक के मित्र अन्नू प्रकाश, शशि और मानकुंवर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए कमलेश्वरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मामले में मृतक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### मवेशी चर गए फसल, जान से मारने की धमकी

**अंबिकापुर।** एक सप्ताह पूर्व बटवाही निवासी राम कुमार यादव के गेंहू की फसल को किसी के मवेशी ने खा लिया था। राम कुमार यादव ने बटवाही अहीरपारा निवासी 45 वर्षीय मुनक्का यादव आ. स्व. रामनाथ यादव पर उसके बैल द्वारा फसल नुकसान का आरोप लगाया था। इसी बात को लेकर गांव में सरपंच द्वारा बैठक की गई थी। बैठक में युवक का बड़ा भाई शीतल यादव गया था जबकि मुनक्का यादव बाहर होने के कारण बैठक में नहीं गया। इसी बात को लेकर राम कुमार यादव ने रंजिश रखी थी और 15 मार्च को 11.30 बजे जब मुनक्का यादव दूध लेकर रघुनाथपुर जा रहा था तो बटवाही अहीरपारा आमाढोला के पास लक्ष्मी नारायण यादव, राम कुमार यादव, आलोक यादव ने रास्ता रोककर मुनक्का यादव के साथ गाली गलौज की। इस दौरान किसी तरह युवक ने भाग कर अपनी जान बचाई। मामले में पुलिस ने शिकायत के बाद बीएनएस की धारा 26(2), 296, 351(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं राम कुमार यादव ने भी सरपंच से शिकायत करने की बात को लेकर मुनक्का यादव पर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने लक्ष्मी नारायण यादव की शिकायत पर मुनक्का यादव के खिलाफ पुलिस ने 296, 351(2) का अपराध दर्ज किया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**अंबिकापुर।** ग्राम तराजू निवासी हरीश यादव 14 मार्च की शाम 7 बजे अपने मित्र दीर्ज यादव के साथ तराजू दर्रीपारा की तरफ पैदल घूमने गया हुआ था। इस दौरान जब वे बुद्धी सागर के घर समीप पहुंचे तो गाँव का राम रूप वहां पहुंच गया और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने के साथ ही डंडे से मारपीट की। इस घटना में हरीश यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके साथ ही मामले में युवक की बहन सुनयना यादव की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रामरूप के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## नहीं मिल रही एम्बुलेंस और जांच की सुविधा

# डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मरीजों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

क्षेत्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। अस्पताल में ना ही सेटअप के अनुरूप चिकित्सक उपलब्ध है और ना ही जांच व एम्बुलेंस सुविधा लोगों को मिल पा रही है। ऐसे में अस्पताल आने वाले मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि ना ही कमियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है और ना ही उपलब्ध संसाधनों से ही बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पहली की जा रही है।

**खास बात**
- तीन डॉक्टरों के भरोसे मरीज

बता दें की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन भारी संख्या में दूरस्थ क्षेत्रों से आदिवासी, विशेष पिछड़ी जनजाति के मरीज अस्पताल पहुंचते है लेकिन आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में निवास करने वाले गरीब तपके के लोगों को शासन की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी से स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9 डॉक्टर का सेटअप है परंतु वर्तमान में तीन डॉक्टर ही सेवा दे रहे हैं। इसके अलावा ड्रेसर, नेत्र रोग, स्त्री रोग विशेषज्ञ, सहित अन्य पदों पर नियुक्ति की ओर शासन-प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शासन द्वारा स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न जन कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है लेकिन अस्पतालों में डॉक्टरों व उपकरणों सहित स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के चलते मरीजों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। मजबूरन मरीजों को शासकीय अस्पताल के बजाए निजी अस्पतालों में उपचार कराना पड़ता है। शासन स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है लेकिन जब तक अस्पतालों में डॉक्टर व पर्याप्त उपकरण सहित अन्य सुविधा नहीं होगी तो स्वास्थ्य व्यवस्था कैसे बेहतर होगी।




सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र।



भर्ती मरीज।

### बाहर भेज रहे जांच कराने

अस्पताल में अब मरीजों को जांच की सुविधा भी नहीं मिल पा रही है। मरीजों को अस्पताल से बाहर निजी लैब में जांच के लिए भेजा जा रहा है। इसका एक ताजा उदाहरण इन दिनों सामने आया आया था जब ग्राम ढोंडा केसरा निवासी विशेष संरक्षित जनजाति के 55 वर्षीय बुधराम आ. क्षेरता मझवार को तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल से सम्पर्क किया गया लेकिन 108 एम्बुलेंस की सुविधा नहीं मिल पाई। ऐसे में गांव के बिहारी लाल तिर्की ने निजी वाहन से ग्रामीण को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में भी उपचार के दौरान जांच के लिए मरीज को निजी क्लिनिक भेज दिया गया जहां 15 सौ रूपए का बिल थमा दिया गया। हैरानी की बात तो यह है कि ना तो मरीजों को बेहतर एम्बुलेंस की सुविधा मिल पा रही है और ना ही जांच सुविधाएं। ऐसे में मरीजों को खासी परेशानियों का सामना तो करना पड़ रहा है इसके साथ ही उनकी जेब पर भी इसका बोझ पड़ रहा है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### भेजी गई है जानकारी

अस्पताल में डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों भेज दी गई है। कमियों को दूर करने प्रयास किया जा रहा है।

-डॉ. ओपी प्रसाद
बीएमओ



# शोक संतप्त परिवारों से मिले जनप्रतिनिधि, बंधाया ढांढस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

छत्तीसगढ़ की सीमा से महज 500 मीटर की दूरी पर झारखण्ड के ग्राम गोदरमाना में हृदय विदारक घटना में हुए पांच लोगों की मौत ने छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। झारखंड के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया था। झारखण्ड विस में घटना को लेकर चर्चा हुई।

झारखण्ड के पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, स्थानीय नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने शोक संतप्त परिवार से मिल शोक संवेदना व्यक्त किया। गौरतलब है कि बीते सोमवार को रामानुजगंज से सटे झारखंड के गोदरमाना ग्राम में पटाखा दुकान में आग लगने के बाद दम घुटने से मासूम भाई आयुष केसरी एवं पीयूष केसरी सहित पटाखा दुकान संचालक कुश गुप्ता, ग्राहक अजीत केसरी और दुकान के कर्मचारी सुशीला की मौत हो गई थी। घटना के इतने दिन बीत जाने के बाद भी लोग सहज रूप से घटना को भूल नहीं पा रहे है। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, रामानुजगंज नगर पालिका के अध्यक्ष रमन अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने शोक संतप्त परिवार के घर पहुंचकर उन्हें ढांढस बंधाया। दो मासूम सहित तीन केशरवानी समाज के लोगों के मौत पर दुखी केशरवानी समाज ने होली मिलन समारोह रद्द कर दिया। केशरवानी समाज के अध्यक्ष वेद प्रकाश केशरी, सचिव सत्य प्रकाश केशरी सहित अन्य लोग शोक संतप्त परिवार के घर पहुंचे थे। झारखंड के ग्राम नौका में रहने वाले अजीत केसरी (45 वर्ष) की बहन रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 11 में रहती है जब वह पटाखा लेने गोदरमाना आ रहा था तो बहन के लिए गाय का दूध, घर की बनी तिलौरी सहित अन्य खाद्य सामग्री लेकर आया था मां ने सामग्री देने के लिए कहा था पर बहन से मिलने के पूर्व ही दुर्घटना में उसकी मौत हो गई।

# होली मिलन समारोह में शामिल हुई मंत्री लक्ष्मी

**सूरजपुर।** ब्लॉक मुख्यालय ओड़गी स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बांक में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े शामिल हुए। समारोह में मंत्री श्रीमती राजवाड़ने ने उपस्थित लोगों के साथ रंग-गुलाल लगाकर होली शुभकामनाएं दी और संगीतमय माहौल में नृत्य कर रंगोत्सव का आनंद लिया।

उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द्र का प्रतीक भी है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि राज्य सरकार पर्यटन स्थलों के विकास और सांस्कृतिक आयोजनों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। उन्होंने बांक को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक विकसित करने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जिसमें पारंपरिक लोकगीतों और नृत्य ने समां बांधा। क्षेत्र के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लिया और मंत्री के साथ मिलकर होली मनाया। समारोह के समापन पर सभी ने आपसी सौहार्द्र और सद्भावना बनाए रखने का संकल्प लिया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान मुरली सोनी, बाबूलाल अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, सावन गोयल, मणि बग्गा, नूतन विश्वास, बीना गुप्ता, तालेश्वर साहू, बाबूलाल मारापो श्रीमती कुसुम सिंह, जिपं सदस्य सत्यनारायण सिंह, गीता जायसवाल, सत्यनारायण जायसवाल, रमेश



### कोयलांचल समेत आसपास के क्षेत्र में धूमधाम से मनी होली

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल समेत आसपास के क्षेत्र में होली पर्व लोगों ने धूमधाम के साथ मनाया। होली पर्व को लेकर बाजारों में रंग बिरंगे गुलाल बिक्री के लिए उपलब्ध थे। लोगों ने घरों से निकलकर अपने दोस्तों के साथ घूमघूम कर होली का आनंद लिया। एक दुसरे को होली के रंग व गुलाल लगाए। जगह जगह युवकों द्वारा होली के पर्व को बड़े ही आनंद से अपने दोस्तों के साथ मनाते हुए होली की शुभकामनाएं दी। रंगों के त्यौहार होली पर्व पर बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं सहित हर वर्ग के लोग रंग में डूबे नजर आए। इस वर्ष होली पर्व को लेकर बच्चों में ज्यादा उत्साह देखने को मिला। अपने दोस्तों व रिश्तेदारों के घर जाकर एक दूसरे को होली का रंग लगाया। विभिन्न रंगों व पिचकारियों से बच्चे होली खेलते नजर आए।तरह तरह के मुखौटे लगाकर बच्चों ने जमकर होली खेली, साथ ही परिवारों के साथ बैठकर घर में बनाए गए मिष्ठान सहित अन्य स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाया।वहीं होली पर्व के अवसर पर एक दूसरे के घर पहुंच कर भोजन का स्वाद लिए और गीत संगीत के बीच जमकर थिरके। व्यापारी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी सभी ने मिलकर होली पर्व के अवसर पर एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी। होली त्यौहार को लेकर पुलिस द्वारा काफी चौकसी बरती गई थी और जगह जगह पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी।



### मारपीट के आरोपी पर आर्म्स एक्ट की कार्रवाई

**रायगढ़।** जूटमिल थाना पुलिस ने एक गंभीर मारपीट मामले में आरोपी पर हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया। यह घटना 14 मार्च की सुबह की है, जब मिट्ठूमुडा दुर्गा चौक पर मुकेश खड़िया उम्र 26 वर्ष नामक युवक पर दिनेश साहू ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई। शिकायतकर्ता अश्वनी बरेठ उम्र 30 वर्ष के मुताबिक, उसका मौसेरा भाई मुकेश 13 मार्च की रात होली मनाने के बाद चौक पर सो रहा था, तभी सुबह राजीव गांधीनगर निवासी दिनेश साहू वहां पहुंचा और मुकेश से झगड़ा कर मारपीट करने लगा। शोर सुनकर लोग पहुंचे, तो आरोपी के हाथ में फरसानुमा धारदार हथियार था और वह हमला करने को उतारू था।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता – MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी – MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा – MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा, MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर, स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया – MBBS, MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय – MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती – MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल – एम. डी. फिजीशियन
डॉ. ओम प्रकाश पंडित – MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि – BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता – MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता – MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले – MS, ENT, नाक कान गला रोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता – MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह – MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata)
Chest Physician
GOLD MEDALIST
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
अपने फेफड़ों की जांच कराएं और आज ही अपने डॉक्टर की सलाह लें!
समस्त श्वास संबंधित रोगों का निदान जैसे –
◆ जटिल अस्थमा (दमा)
◆ टी.बी./क्षय रोग / MDR-TB
◆ गले व छाती में कफ संबंधित समस्या
◆ बैठे- बैठे चलने पर सांस फूलना
◆ छाती में भारीपन और सांस फूलना
◆ छाती में पानी भर जाना, हवा लीक होना
◆ छाती में गठान, फेफड़ों के कैंसर की समस्या
◆ खांसी, जुकाम एवं एलर्जी
◆ बच्चों में आने वाली बार-बार खांसी
◆ खांसी में खून आना

सरगुजा मार्केट

डॉ. शैल वर्मा
(एमबीबीएस, एमडी) मनोरोग विशेषज्ञ
दिनांक : 26 मार्च 2025
दिन - बुधवार
स्थान
वेलनेस होम फिजियोथेरेपी कायरोप्रैक्टिक ऑस्टियोपैथी क्लिलिक
होटल खाना खजाना के सामने महामाया रोड अम्बिकापुर
कुंज बिहारी लाल एंड ब्रदर्स मेडिकल स्टोर
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
महामाया चौक, अम्बिकापुर, मो. 8966944740, 8889058145

रायपुर के प्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ आपके शहर अंबिकापुर में
डॉ. विकास गोयल
MD Med, DM Haematology
हिमेटोलॉजी एंड ब्लड कैंसर क्लीनिक
• खून की कमी, सफेद कोशिकाओं और प्लेटलेट्स की कमी
• सिकल सेल एनीमिया, थैलीसीमिया, आदि विकार
• सभी प्रकार के रक्त कैंसर (ल्यूकीमिया, लिम्फोमा, मायलोमा)
• बगल, जांघों में अथवा गर्दन में गांठ
• पेट में तिल्ली, लीवर में सूजन
एवं संबंधित अन्य रोग
दिनांक 23 मार्च 2025 दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 मार्च 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टी.बी, निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनांक –16 मार्च, 2025
दिन – रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ्रिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (जनरल सर्जरी)- कोलकाता, एम.सी.एच. (प्लास्टिक सर्जरी), नई दिल्ली
पूर्व असिस्टेंट ऑफिसर, वी.एम.एम.सी व सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
शनिवार, 22 मार्च 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
• सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
• पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
• झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
• Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
• जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
• लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
• Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

Wellness Home
AN ADVANCE PHYSIOTHERAPY CHIROPRACTIC OSTEOPATHY CLINIC
डॉ. श्रेया गुप्ता
BPT, FOMT (Australia), FNMT Certified Pilates, Cupping and Hijama Therapist
CertifiedAccupanturist and Dry Needling Therapist
Certified FDM Practitioner (1st in Ambikapur)
मैनूवल थेरेपी
न्यूरी थेरेपी एवं लकवा (चेहरा/शरीर), हड्डी एवं जोड़ों में दर्द (स्लीप डीस्क, फ्रोजन सोल्डर), गर्भावस्था में थेरेपी, ओल्ड ऐज संबंधित थेरेपी, बच्चों की थेरेपी (CP, एड़ी उठाकर चलना), आर्थराइटिस, माँसपेशियों का दर्द (साइटिका, कमर दर्द),सरवाईकल का दर्द
समय
सुबह 10 से 1 बजे तक
शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक
श्रेया डिपार्टमेंट स्टोर के पीछे महामाया रोड, अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
20 मार्च 2025 दिन गुरूवार
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना।
• पेशाब में जलन।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब बार-बार होना।
• किडनी, पेशाब थैली।
• पेशाब बूंद- बूंद पर होना।
• गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• पेशाब की धार न बनना, इत्यादि।
• अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर
मो.9713667433, 9617247433

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

16 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 3/16/2025 10:15 PM Page 1



## खबर संक्षेप




### रील बनाने पानी टंकी पर चढ़ गए युवक, वीडियो वायरल

**अंबिकापुर।** शहर में कुछ युवकों द्वारा पानी टंकी पर चढ़कर उत्पात मचाए जाने का मामला सामने आया है। युवक पानी टंकी पर चढ़कर रील बनाते नजर आए। अब इस घटना से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। बता दें कि इन दिनों सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें कुछ युवक पानी टंकी पर चढकर उत्पात मचाते नजर आ रहे है। यह वीडियो मणिपुर क्षेत्र के कदमपारा पानी टंकी का बताया जा रहा है। वीडियो में नजर आ रहा है कि कुछ युवक रील बनाने के लिए पानी टंकी पर सबसे ऊपर पहुंच गये है। इस दौरान उनकी छोटी सी लापरवाही खतरनाक साबित हो सकती थी। हालांकी फिलहाल इस मामले में किसी प्रकार की शिकायत पुलिस में दर्ज नहीं कराई गई है।

### कल्याणपुर के समीप कार चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** सड़क किनारे खड़े बाइक सवार को टक्कर मारकर भाग रहे कार चालक को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ने पश्चात जमकर पिटाई कर दी है।लटोरी पुलिस ने बताया कि राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खोखानिया निवासी 23 वर्षीय प्रार्थी लक्ष्मण सिंह पिता मंत्री सिंह गोंड गत दिनों 14 मार्च की शाम करीब साढ़े पांच बजे बाइक क्रमांक सीजी 30 डी 4009 में अंबिकापुर से अपने गांव लौट रहा था। इस दौरान ग्राम कल्याणपुर में चौक के पास अपनी मोटरसाइकिल को खड़ी करके सड़क किनारे बैठा हूआ था। तभी खड़गवां तरफ से आ रहे कार क्रमांक सीजी 10 एबी 8933 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक लक्ष्मण को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार को हाथ व पैर में चोटें आईं है। दुर्घटना उपरांत भाग रहे कार चालक को दौड़ाकर ग्रामीणों ने पकड़कर जमकर पिटाई कर दी है,जिसमें कार चालक भी गंभीर रूप से आहत हो गया है, उसे उपचार हेतु अंबिकापुर में भर्ती कराया गया है।

### रुनियाडीह में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम रुनियाडीह निवासी एक युवक ने आज रविवार की सुबह अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम रुनियाडीह निवासी 20 वर्षीय रघुवीर विश्वकर्मा पिता भैयालाल ने रविवार की सुबह अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द किया एवं मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### कन्द्रई में अज्ञात कारणों से बुजुर्ग ने लगाई फांसी, मौत

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम कंदरई में एक बुजुर्ग ग्रामीण ने अज्ञात कारणों से घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम कंदरई निवासी 60 वर्षीय प्रसाद राम पिता डूगुरु बरगाह ने बीती रात घर के कमरे में ही अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द किया एवं मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## पेज 1 के शेष...

### बाहर चल रही थी पार्टी...

अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व संदेह के आधार पर गांधीनगर लक्ष्मी कन्या हॉस्टल के पास रहने वाले 20 वर्षीय विवेक प्रजापति आ. मनोज प्रजापति व वसुंधरा विहार निवासी 20 वर्षीय अनुराग पटेल आ स्व. आत्माराम पटेल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर घर में चोरी वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 नग चांदी का कटोरी, 1 नग चांदी का चम्मच, 1 नग कान का सोने का बाली, 4 नग चांदी का बिछिया, 1 नग मोबाइल, बैग, जेवर का बिल कुल किमती मशरुका लगभग 30 हजार रुपए बरामद किया है। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर मोरध्वज देशमुख, सउनि विपिन तिवारी, आरक्षक जितेंद्र मिश्रा, देवेंद्र पाठक, बृजेश राय सक्रिय रहे।

## निधन

### महेन्द्र पाण्डेय

**बिश्रामपुर।** ग्राम कुंजनगर निवासी परिवहन ठेकेदार महेंद्र पांडेय का रविवार 16 मार्च की प्रातः हृदयघात से निधन हो गया।वे 50 वर्ष के थे, उनका अंतिम संस्कार स्थानीय रिहन्द नदी ग्राम कुरवाँ स्थित मुक्तिधाम में किया गया।महेंद्र पांडेय अपने पीछे एक पुत्र पुत्री व पत्नी समेत भरपुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।



## होलिका दहन के दिन हुई घटना

# टाइगर प्वाइंट पर सड़क किनारे की अस्थाई दुकानों में लगी आग, लाखों की क्षति



धू-धूकर जलती दुकानें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होली के एक दिन पूर्व आग की चपेट में आने से मैनपाट के पर्यटन स्थल टाइगर प्वाइंट के पास सड़क किनारे की अस्थाई एक दर्जन दुकानें जलकर खाक हो गई। आग की लपटें पास के जंगल में भी फैल गई। आग लगने से व्यवसाइयों को लाखों का नुकसान हुआ है।

**खास बात**
- होलिका जलाने के दिन हुई घटना

विकासखंड मैनपाट अंतर्गत मशहूर पर्यटन स्थल टाइगर प्वाइंट पर सालों भर पर्यटकों की भीड़ रहती है। आसपास के ग्रामीणों ने पर्यटन स्थल के पास सड़क किनारे प्लास्टिक पन्नी एवं पेड़ की डालों से झोपड़ीनुमा अस्थाई दुकानें बनाई है तथा पूरे दिन चाय, नमकीन, स्नैक्स आदि का व्यवसाय करते हैं। दुकान पर पर्यटकों के बैठने के लिए कुर्सी टेबल भी रखे हैं। शाम ढलने के बाद कुर्सी-टेबल सहित अन्य सामग्री दुकान के भीतर रखकर ग्रामीण घर चले जाते हैं तथा सुबह आकर दुकान खोलते हैं। होलिका दहन के दिन रात्रि 8.30 बजे अचानक अस्थाई दुकानों में आग धधकने लगी। सूचना पर बड़ी संख्या में आसपास के लोग एवं दुकानदार पहुंचे। सूचना पर पुलिसकर्मी एवं वन अमला भी पहुंचा। रात में घटनास्थल पर किसी के मौजूद नहीं होने के कारण आग कब और कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। ग्रामीणों एवं दुकानदारों के मौजूद होने के बावजूद आग पर काबू नहीं पाया जा सका तथा सभी दुकाने जलकर खाक हो गई। आग से दुकानों में रखी सामग्री भी जल गई है। आग लगने के पीछे आपसी रंजिश या फिर होलिका के बहाने अपराधी तत्वों का कृत्य होने का अनुमान लगाया जा रहा है बताया जा रहा है कि अस्थाई दुकानों से ग्रामीणों को अच्छी आय होने के कारण कई अन्य ग्रामीण पास में अपनी दुकान लगाने की कोशिशें कर रहे हैं तथा कई ग्रामीण दुकानदारों से जलन की भी भावना रखते हैं।

दुकानों में लगी आग पास के जंगल में फैल गई। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से प्रभावित दुकानदारों में राजाराम यादव, अनिल यादव, जमुना यादव, कैलाश यादव, बिंदा यादव, सुमेर यादव, गोस्वामी यादव, सोनू यादव, शिवकुमार यादव शामिल हैं। दुकानों में आग लगने के कारणों की पुलिस जांच कर रही है।

**पिछले साल दलदली में लगी थी आग**

मैनपाट के पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्थाई दुकानें लगाकर कारोबार करते हैं। प्रायः हर साल अस्थाई दुकानों में आग लगने की घटनाएं होती है। पिछले साल भी मनचलों ने पर्यटन स्थल दलदली में सड़क किनारे संचालित अस्थाई दुकानों को आग के हवाले कर दिया था। आग लगने से एक दर्जन से अधिक अस्थायी दुकानें एवं उनमें रखी सामग्री जलकर खाक बन गई थी।

## रामगढ़ पहाड़ी पर दो दिनों से धधक रही आग



- रामगढ़ पहाड़ी के एक तिहाई हिस्से में फैली आग, जैव विविधता को भारी नुकसान

**अम्बिकापुर/उदयपुर।** गर्मी शुरू होने के साथ ही वनों में आग धधकनी शुरू हो गई है। वन परिक्षेत्र उदयपुर में पिछले एक सप्ताह से जंगल में आग लगने की घटनाएं लगातार हो रही है। सूचना पर वन अमला लगातार आग बुझाने की कोशिशें कर रहा है। कहीं आग बुझाने में सफलता मिली है तो कहीं अब भी आग बुझाने की कोशिशें चल रही है।

गर्मी पड़ने के साथ ही अब महुआ के फूल टपकने लगे हैं। ग्रामीण महुआ फूल का संग्रहण करने परिवार के साथ अंधेरे मुंह जंगलों की ओर निकल जा रहे हैं। महुआ पेड़ के नीचे गिरे पत्तों को साफ करने के लिए ग्रामीण आग लगा देते हैं जो पूरे जंगल में फैल जाता है। आग से हर साल हजारों एकड़ जंगल जल जाते हैं वहीं जैव विविधता को भी भारी क्षति होती है। वनों को आग से बचाने के लिए अधिकारी ग्रामीणों को लगातार जागरूक करने एवं पत्तों में आग नहीं लगाने के संबंध में ग्रामीणों को शपथ दिलाने का दावा कर रहे हैं लेकिन धरातल पर इसका कोई प्रभाव नहीं दिख रहा है। वन परिक्षेत्र उदयपुर अंतर्गत पुरातात्विक स्थल रामगढ़ पहाड़ी, खोंघरा लाखन दाई पहाड़ी, दौलतपुर, राईचुवां, लक्ष्मणगढ़ एवं जनपद कार्यालय से सटे जंगल में जंगल जलने की कई घटनाएं हो चुकी है। कुछ स्थानों पर आग बुझाने में सफलता मिली है जबकि कई स्थानों पर विकराल रूप धारण कर चुके आग पर काबू पाने की कोशिशें अब भी चल रही है। आग से वनों को भारी क्षति हुई है तथा बड़ी संख्या में पेड़-पौधे झुलस गए हैं वहीं क्षेत्र की दुर्लभ वनौषधियां नष्ट हो रही है। आग से जैव विविधता को भी भारी नुकसान हुआ है। जंगल में आग लगने की सूचना पर वन विभाग की अलग-अलग टीमें घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने की मशक्कत कर रही है। इस बार अधिक गर्मी पड़ने एवं ग्राम दावा की ओर से जंगल की गहरी खाई में दो दिन पहले लगी आग की लपटे रामगढ़ जंगल के एक तिहाई हिस्से में फैल गई है तथा लगातार फैलते जा रही है। जंगल के बड़े हिस्से में आग फैलने के कारण वन अमले को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है वन अमला ऊंची पहाड़ी व खाई में उतर कर आग बुझाने की मशक्कत कर रहा है। रामगढ़ पहाड़ी हसदेव अरण्य का हिस्सा है। क्षेत्र में मानवीय दखल कम एवं जंगल का घनत्व अधिक होने के कारण जंगल विभिन्न प्रजाति के वन्य जीवों का रहवास क्षेत्र है। आग से वन्य जीवों के लिए भी खतरा उत्पन्न हो गया है। आगजनी की घटनाओं को रोकने कारगर पहल नहीं हुई तो भविष्य में यह समस्या तेजी से बढ़ेगी तथा जंगलों को भारी नुकसान होगा।

इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी कमलेश राय ने बताया कि विभाग द्वारा आग बुझाने की लगातार कोशिशें की जा रही है। ग्रामीणों को भी समझाइश दी जा रही है।



केन्द्र में ग्रामीणों की भीड़।

# जमीन पंजीयन के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन पंजीयन का कार्य जोरो पर चल रहा है तथा ग्रामीणों को इसका फायदा भी मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंजीयन का काम ग्राम सेवक सीएससी के माध्यम से करा रहे हैं तथा ग्रामीणों से अवैध राशि वसूल रहे हैं। विकासखण्ड लुंड्रा अंतर्गत ग्राम डूमरडीह में ग्राम सेवक मंगल साय एक्का सीएससी के कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ बैठकर ग्रामीणों की जमीन पंजीयन के नाम पर अवैध राशि वसूल कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सेवक किसी से 100 तो किसी से 200 तो किसी से मुर्गा व शराब ले रहे हैं जिससे पहाड़ी कोरवा समुदाय के लोग परेशान हैं हैरानी की बात है कि ये सारा खेल ग्राम पंचायत में बैठकर किया जा रहा है और सीईओ के कड़े निर्देश के बावजूद अवैध वसूली नहीं रूक रही है।

इस संबंध में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी श्री पैंकरा ने बताया कि सीएससी के लिए 20 रूपए प्रति व्यक्ति की राशि निर्धारित है। मामले में ग्राम सेवक के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।



# शासकीय पॉलीटेक्निक में संभाग स्तरीय प्लेसमेंट कैंप, 90 छात्रों ने की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय पॉलिटेक्निक में मां कुदरगढ़ी एलुमिना मिनरल्स एंड रीफ्रैक्टरीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संभाग स्तरीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सरगुजा संभाग के 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें शासकीय पॉलीटेक्निक के 45, शासकीय पॉलीटेक्निक रामानुजगंज के 12, सूरजपुर के 14, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल विभाग के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कैंप के पहले चरण में लिखित परीक्षा हुई जिसमें छात्रों के तकनीकी ज्ञान और कौशल, दूसरे चरण में तकनीकी साक्षात्कार हुआ जिसमें उनकी विशेषज्ञता और समस्या समाधान कौशल का मूल्यांकन किया गया। अंतिम चरण में एचआर साक्षात्कार से छात्रों की व्यक्तिगतता और कंपनी की संस्कृति के अनुसार उनकी उपयुक्तता का मूल्यांकन किया गया। संस्था के टीपीओ इंचार्ज संदीप सार्वा , श्रीमती आकांक्षा सार्वा के संचालन में प्रक्रिया पूरी की गई। कैंप में प्राचार्य आरजे पाण्डेय ने कहा हमें उम्मीद है कि प्लेसमेंट कैंप से हमारे छात्रों को अपने करियर में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। कंपनी के एडवाइजर पीके सिन्हा ने कहा हमें सरगुजा संभाग के छात्रों के साथ जुड़ने का अवसर मिला है। हमारी कंपनी में छात्रों को अपने करियर में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। शासकीय पॉलीटेक्निक जशपुर के प्राचार्य डॉ.जीएस बेदी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मैकेनिकल विभाग के प्रभारी देवांशु प्रसाद ने कैंप के महत्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया। एमओयू पर हुए हस्ताक्षर कैंप में शासकीय पॉलीटेक्निक और माँ कुदरगढ़ी एलुमिना मिनरल्स एंड रिफ्रैक्टरीज प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। यह समझौता शैक्षणिक संस्थान और उद्योग के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए ऐतिहासिक कदम है, जो छात्रों को उद्योग-मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। प्राचार्य आरजे पाण्डेय एवं कंपनी के एडवाइजर पीके सिन्हा ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

# जनपद पंचायत का सम्मेलन आज, शामिल होंगी कौशल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

जनपद पंचायत बतौली के जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों का प्रथम सम्मेलन समारोह सोमवार को आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन समारोह में प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। बता दें कि जनपद पंचायत बतौली में भाजपा समर्थित अध्यक्ष उपाध्यक्ष व सदस्यों ने जीत हासिल कर सरकार बनाने में सफलता हासिल की है। जनपद पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष व सदस्यों का प्रथम सम्मेलन समारोह जनपद पंचायत बतौली के प्रांगन में 17 मार्च को सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएम श्री विष्णुदेव साय की धर्म पत्नी श्रीमती कौशलय साय शामिल होंगी जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव, अखिलेश सोनी, हरपाल सिंह भामरा, जिपं सदस्य श्रीमती नागमणि पैकरा, देवनाथ सिंह पैकरा, आशिष गुप्ता, हरि गुप्ता, निशांत गुप्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों के शपथ ग्रहण के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

### समझाइश देने वाले पुलिसकर्मी पर युवक ने किया हमला

**रायगढ़।** भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़कुरी में डीजे की आवाज को कम करने की समझाइश देने वाले पुलिसकर्मी पर एक युवक ने धारदात हथियार से हमला कर दिया, जिसकी वजह से ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद भूपदेवपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# होली के दिन बाइक और स्कूटी भिड़ंत में दो युवकों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शुक्रवार को होली के दिन स्कूटी और बाइक के बीच भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना से परिवारों की खुशियां मातम में बदल गई। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। वहीं अब इस घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

- बनारस मार्ग पर हुआ हादसा, सीसीटीवी फुटेज आया सामने

बताया जा रहा है कि 14 मार्च को गांधीनगर वार्ड क्रमांक 3 निवासी 22 वर्षीय अंकित कुमार यादव आ. अरुण यादव अपने दोस्त अंकित पूरी के साथ होली खेलने के लिए स्कूटी से निकला था। युवक स्कूटी से बनारस मार्ग पर साईं कॉलेज मार्ग पर जा रहा था इसी दौरान विपरीत दिशा से बाइक सवार तुर्रापानी निवासी 22 वर्षीय ब्रिजेश रजक उर्फ पप्पू आ. सुखलाल अपने मित्र पियूष रजक के साथ आ रहा था। दोपहर लगभग दो बजे साईं बाबा कॉलेज मोड़ के दोनों वाहनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर में चारों युवक गंभीर रुप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलने के बाद गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और डायल 112 की मदद से चारों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान डॉक्टर ने अंकित कुमार यादव व ब्रिजेश रजक को मृत घोषित कर दिया जबकि अंकित पूरी और पीयूष का उपचार जारी है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। इस घटना से दो परिवारों में होली की खुशियां मातम में बदल गई।



**बाइक से गिरकर युवक की मौत**

सड़क पर अनियंत्रित होकर गिरे युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि लुंड्रा के झेराडीह निवासी 25 वर्षीय लल्लू राम होली के दिन 14 मार्च को बाइक से बरगीडीह जाने के लिए निकला था। इस दौरान ग्राम जरहाडीह के पास युवक की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।



घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां जांच के दौरान चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

# 9 दिनों से लापता महिला की जंगल में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

**राजपुर।** 9 दिनों से लापता महिला की लाश कदौरा जंगल में मिली है। महिला लम्बे समय से अस्वस्थ चल रही थी। शनिवार को उसकी लाश जंगल में शिव मंदिर के समीप मिली है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस व फॉरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है और पीएम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होने की बात कही जा रही है।

बताया जा रहा है कि ग्राम शिवपुर निवासी 50 वर्षीया सुषमा रवि पति मुन्नीलाल रवि 7 मार्च की शाम 4 बजे घर से बिना बताए निकल गई थी उसके बाद वह नहीं लौटी। पुलिस के अनुसार महिला लम्बे समय से अस्वस्थ चल रही थी। लापता होने के बाद परिजन द्वारा महिला की तलाश की जा रही थी। इस बीच 15 मार्च को घर से 5 किलोमीटर दूर कदौरा जंगल स्थित शिव मंदिर के समीप महिला की लाश बरामद की गई। स्थानीय लोगों ने लाश देखकर पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी कुमारी चन्दन सिंह व फॉरेंसिक एक्सपर्ट कुलदीप कुजूर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। संभावना जताई जा रही है कि महिला की मौत 5 से 6 दिन पहले हो गई थी। महिला की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया इसके साथ ही मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी कुमार चन्दन सिंह ने बताया कि महिला की मौत 5 से 6 दिन पहले हुई है और वह अस्वस्थ चल रही थी। पीएम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 11 मई, 22 मई, 25 मई, 02 जून, 05 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport